जय श्री कृष्ण

ShriLife™

WELCOME

Tax Free 80G-12A Certificate URN-ABGTS7924NF20231

Shri Life Foundation Charitable Trust

605, Near Saral Blood Bank, Bhupalpura Math, Udaipur 313001 (Rajasthan)

Mobile : 70141 21765, 97994 55133, E-mail : shrilifeorg@gmail.com, info@shrilife.org

Shriyut (Bawaguru)

|| श्री ||

आदरणीय,

आज के तकनीकी युग में सूचनाओं की उपलब्धता एवं शिक्षा की गुणवत्ता ने बौद्धिक विकास को चरम सीमा पर पहुँचा दिया है।

ज्ञान रूपी ब्रह्मास्त्र का प्रयोग करने के लिए भावनात्मक विकास एवं मानवीय पक्ष के समावेश का अभाव व्यक्ति को **तनाव, अवसाद व व्यसन की ओर** ले जाता है। तकनीक दक्षता अनन्त तथ्यों के आभासी संसार में पहूँचा देती है, उपयुक्त का चुनाव व अनावश्यक का निषेघ ही सहज जीवन का आधार है, इसके लिए बुद्धि को प्रशिक्षित करने की प्राचीन वैदिक विधियाँ आज अधिक प्रासंगिक है।

इसी लक्ष्य को समर्पित (Life Coach) जीवन प्रशिक्षक श्रीयुत बावागुरु ने इन्जिनियरिंग की शिक्षा ग्रहण करने की यात्रा में जीवन के अनुभवों द्वारा प्राचीन वैदिक विज्ञान का अध्ययन एवं अभ्यास कर इस परम विज्ञान के आचरण हेतु श्रीजीवन (Shri Life) का प्रारम्भ किया।

श्री सुत्र की विधियाँ ब्रह्माण्डिय विज्ञान, तत्व एवं ऊर्जा के आधार पर शरीर, मन एवं आत्मा में समन्वय का प्रशिक्षण प्रदान कर पूर्ण मुक्त जीवन का अभ्यास कराती है।

मिशन लाईफ इसी दिशा में पहल है जिसमें जीवन यात्रा के तहत विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों में श्री जीवन के प्रशिक्षण के लिये लाईफ कोच बावागुरु श्रीयुत जी के सत्र एवं आवासीय शिविर प्रायोजित किये जाए।

श्रीसुत्र के सत्र स्वबोध द्वारा आधुनिक चुनौतियों पर विजय प्राप्त कर जीवन आनन्द से नयी पीढ़ी का बचपन में ही परिचय कराते हैं। श्रीयोग एवं ध्यान की प्रयोगिक तकनिकों के अभ्यास द्वारा आत्म गौरव को प्राप्त नयी पीढ़ी ही स्वकल्याण कर नव राष्ट्र के निर्माण का लक्ष्य प्राप्त करने में सहायक होगी।

आपके संस्थान में भावनात्मक एवं जीवनी शैली संबन्धित समस्याओं का हल कर उन्हें जीवन के मानवीय पहलु से परिचय कराने के लिए। 1–2 घण्टे का संवाद बावागुरु द्वारा। श्री सुत्र पर सेमीनार का आयोजन कर लाभान्वित करें।

वर्तमान परिस्थितियों के परिपेक्ष्य में नयी पीढ़ी को शिक्षा के साथ जीवन के लिए प्रशिक्षित करने से ही मानवता एवं विश्व को नैतिक पतन एवं सामाजिक, आर्थिक अपराधों से बचाया जा सकता है।

ज्ञान की विकास यात्रा का परिणाम जीवन एवं विश्व में प्रत्यक्ष हैं आइये भावनात्मक एवं मानवीय विकास द्वारा उसे पुर्णता प्रदान कर नये विश्व का मार्ग प्रशस्त करें। आपके सहयोग की आकांक्षा में।

Bawaguru

श्रीयुत बावागुरु

संस्थापक श्रीलाईफ फाउण्डेशन चेरिटेबल ट्रस्ट

INTRODUCTION

श्रीयुत बावागुरु ने इंजिनियरिंग की शिक्षा ग्रहण कर धर्म के परम विज्ञान के आचरण हेतु **श्रीजीवन** का प्रारंभ किया जो वैदिक ज्ञान को श्री सूत्र की विधियों द्वारा श्रीयोग के नवाचार से ज्ञान के सागर में से स्वकल्याण के मोती चुन प्रभुप्रदत अनमोल जीवन के परम लक्ष्य परमानन्द को प्राप्त करे।

मिशन लाइफ इसी दिशा में एक पहल में जिसमें जीवन यात्रा के तहत विभिन्न संस्थाओं में **श्री जीवन के प्रशिक्षण** के लिए लाइफ कोच बावागुरु श्रीयुत जी के सत्र और **3-7 दिन के शिविर** ट्रस्ट की तरफ़ से प्रायोजित किए जाये। आज के सूचनाओं के संसार में से अपने लिए उपयुक्त का चुनाव बाक़ी का निषेध ही सहज जीवन का आधार है श्री सूत्र के सत्र स्वबोध द्वारा आधुनिक चुनौतियों के पार परम जीवन से परिचय करवाते है।

श्री लाइफ वैदिक विलेज के रूप में श्री नाथद्वारा के पास **श्री हिल्स कुंठवा** पर इसी कड़ी में एक प्रयास है जो कार्ष्णि श्रीयुत जी पर प्रभु कृपा का जीवन्त उदाहरण है जहां 300 ऐकड में गौ अभ्यारण्य, पक्षी विहार एवम् वैदिक ग्राम में रहते हुए पंच तत्वों के सहयोग से शरीर, मन एवं आत्मा के समन्वय की प्राचीन विद्याओ द्वारा धर्म के विज्ञान की सहज अभिव्यक्ति होगी।